Bareilly, Sunday, 15 January 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

Page No. 04 : Middle

स्टूडेंट्स ने ली मानव सेवा की शपथ

नर्सिंग में 18 वर्ष की नर्स बुजुर्ग मरीज के लिए मां बन जाती है : देवमूर्ति

स्टूडेंट्स के लिए दी गई स्कॉलरशिप.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (14 Jan): श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को लैम्प लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी हुई. इसमें जीएनएम के 17वें बैच के 64 और बीएससी नर्सिंग के छठे बैच के 60 विद्यार्थियों ने लेडी विद द लैंप नाम से विख्यात फ्लोरेंस नाइटिंगेल से प्रेरणा लेते हुए मानव सेवा की शपथ ली.

दी गई स्कॉलरशिप

इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से जीएनएम, बीएससी और एमएससी नर्सिंग के 17 मेधावी विद्यार्थियों को 3.70 लाख रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई. बरेली स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल के कमांडेंट ब्रिगेडियर जसविंदर सिंह, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति और ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों को उनके उ॑वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च स्थित ऑडिटोरियम में लैम्प लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुआ. मुख्य अतिथि कमांडेंट ब्रिगेडियर जसविंदर सिंह ने अपने संबोधन में नर्सिंग के विद्यार्थियों और उनके परिजनों को बधाई दी. ब्रिगेडियर सिंह ने नर्सिंग में सफलता के टिप्स दिए. देवमूर्ति ने कहा कि नर्सिंग ही ऐसा प्रोफेशन है जहां 18 वर्ष की नर्स बुजुर्ग मरीज के लिए मां बन जाती है. बच्चे की तरह वह मरीज को दवाइयों खिलाने से लेकर उसका पूरा ध्यान रखती है.

फ्रेशर पार्टी का आयोजन

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि इंसानियत, सेवाभाव और स्किल का होना बेहद जरूरी है. प्रिंसिपल रिंटू चतुर्वेदी ने सभी का स्वागत किया. चीफ मैटरन एलियम्मा वीजी ने नर्सिंग के क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी. नर्सिंग कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल अनीश चंद्रन ने सभी का धन्यवाद दिया. इस मौके पर नर्सिंग के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए.